भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545

e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनाकं .03/10/2024........ की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

Mahima
03/10/2024
~~(सहायक निदेशक)~~ EAD (HM

उपनिदेशक
03/10/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.)

नव भारत टाइम्स 03/10/2024

# बिहार में वायुसेना के चॉपर की बाढ़ के पानी में इमरजेंसी लैंडिंग

■ पीटीआई, मुजफ्फरपुर

**बिहार में** आई बाढ़ के बीच मदद करने पहुंचे वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर को बुधवार को आपात स्थिति में जलभराव वाले इलाके में उतारना पड़ा। हालांकि, पायलट समेत सभी लोग सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वायुसेना ने इस घटना पर जारी एक बयान में कहा, 'बिहार के सीतामढ़ी सेक्टर में बाढ़ राहत कार्यों में लगे वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी समस्या के कारण बाढ़ वाले क्षेत्र में एहतियातन लैंडिंग करनी पड़ी। सभी क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। कोई नुकसान नहीं हुआ है। वायुसेना ने इसकी वजह पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए हैं।'

**वायुसेना ने कहा, तकनीकी समस्या आ गई थी।**

मुजफ्फरपुर के ASP राकेश कुमार ने बताया कि हेलिकॉप्टर बाढ़ग्रस्त इलाके में राहत सामग्री गिराने के बाद दरभंगा से लौट रहा था। इसी दौरान औराई प्रखंड में आपात लैंडिंग की गई। हेलिकॉप्टर में भारतीय वायुसेना के जवान सवार थे। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकाल लिया था। मुजफ्फरपुर के DM सुब्रत कुमार सेन ने कहा, 'सभी 4 लोग सुरक्षित हैं। हालांकि, एहतियात के तौर पर उन्हें श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया जाया गया।' घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**राहत सामग्री देने गया था** बिहार में आई बाढ़ के बीच लोगों को राहत सामग्री पहुंचाकर लौट रहा था वायुसेना का हेलिकॉप्टर।



The Hindu 03/10/2024

## Chopper in waters



**Floating wreckage:** Security personnel keep vigil after an Indian Air Force helicopter on flood relief duty made an emergency landing in a waterlogged area upon developing a snag, in Bihar's Muzaffarpur district on Wednesday. PTI